# ग्राम खापाभाट में नुक्कड़ नाटक व जल स्रोतों की साफ सफाई





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में व जन अभियान परिषद के परामर्शदाता विनोद तिवारी, सुश्री लता नागले, तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू के नेतृत्व में सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम के बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने ग्राम खापाभाट में जल संरक्षण को लेकर आज रविवार को जन जागरूकता अभियान चलाया।

जिसमें सर्वप्रथम मंदिर परिसर में ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश देता प्रभावी नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया एवं जल स्त्रोतों के आसपास साफसफाई की गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिये ग्रामीणों को बताया कि कैसे हम अपनी लापरवाही के चलते पानी का दुरुप्रयोग कर रहे है, समय रहते नहीं चेते तो आने वाले समय में पानी के लिए त्राही-त्राही मचने वाली है।

सभी ग्रामीणों ने जल संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक के अंत में शपथ ली की हम न पानी का दुरुप्रयोग करेंगे न किसी को करने देंगे, अपने नदी तालाब सहित जल स्त्रोतों के आसपास साफसफाई करेंगे एवं उसे गंदे होने से रोकेंगे।

नुक्कड़ नाटक के बाद जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, परामर्शदाता विनोद तिवारी, सुश्री लता नागले, तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू ने सभी बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट के साथ नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा, प्रस्फुटन समिति खापाभाट के पदाधिकारी एवं सदस्यगण व ग्रामीण के बीच जल संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

जिसमें जिला समन्वयक जैन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आव्हान पर 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संपूर्ण मध्यप्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसमें जन अभियान परिषद की जिले की सभी नवांकुर संस्थायें, प्रस्फुटन समितियां, सभी सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम के बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थीए परामर्शदाताओं सहित पूरा जन अभियान परिषद का अमला अपने-अपने जिले एवं विकासखंडों व ग्रामों में जल संरक्षण अभियान चलाएंगे, जिसके अंतर्गत आज 30 मार्च को छिंदवाड़ा विकासखंड के ग्राम खापाभाट में जल संरक्षण अभियान चलाया गया जिसमें जल संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली सहित सभी घर संपर्क कर जन संरक्षण के लिये जागरूक किया गया।

साथ ही सभी ग्रामीणों के साथ जल संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इसके पूर्व रविवार को शासकीय पी.जी.कॉलेज में बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू की क्लास में भी जल विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों ने जल संरक्षण पर मार्गदर्शन दिया एवं कहा कि जल है तो कल है हमें जल की एक-एक बूंद सहजने की आवश्यकता है। परामर्शदाता विनोद तिवारी ने कहा कि हम सभी जल स्त्रोतों की सफाई सहित जल संरक्षण की दिशा में निरंतर तीन माह तक सक्रियता के साथ कार्य करेंगे, जिससे आम लोगों में भी जल के प्रति संवेदनाएं और उसे सहजने के लिए अपना कदम बढ़ाए।

इस अवसर पर एमएसडब्ल्यू की छात्रा ने जल पर गीत गाकर लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया। परामर्शदाता सुश्री लता नागले एवं सुश्री तृप्ति सिंह भी जल संरक्षण के लिए सभी को आगे आने का आव्हान किया। कार्यक्रम में सुश्री शिवांगी वानखेड़े, नीरज चौरसिया, सुश्री रीना वासनिक, सुश्री सविता युवनाती, सुश्री कामिनी कहार, सुश्री संध्या वासनिक, सन्नी, यश बंदेवार, सुश्री वंदना देशमुख, चितेश डेहरिया, सुश्री सुनीता, सुश्री सपना परतेती सहित अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।

इसी प्रकार छिंदवाड़ा जिले के सभी ब्लॉकों में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया।

## नगर निगम के सहायक यंत्री मुकेश चोखे हुए सेवानिवृत्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम में कार्यरत मुकेश चोखे अपनी अधिवार्षिकी आयु पूरी करके शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए।

श्री चोखे की प्रथम नियुक्ति नगर सुधार न्यास में वर्ष 1988 में हुई इससे बाद से उन्होंने लगातार शहर के विकास में अपना योगदान दिया। वर्तमान में वह कुकड़ा जगत के जोनल अधिकारी एवं सहायक यंत्री का प्रभार संभाल रहे थे।

38 वर्ष की सेवा अवधि के उपरांत सेवा निवृत्ति के अवसर पर श्री चोखे का विदाई समारोह नगर निगम कार्यालय एवं कुकड़ा जगत के जोन कार्यालय में आयोजित किया गया।

इस दौरान पंडित रामशर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मुकेश चोखे के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

### सार समाचार

## रामनवमीं से लेकर हनुमान जन्मोत्सव तक होंगे विविध आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रूद्र परिवार सेवा समिति के द्वारा श्री रूद्रात्मक हनुमान मंदिर कोष्टीपुरा, पुराना छापाखाना में रामनवमीं से लेकर हनुमान जन्मोत्सव तक विविध आयोजन किये जायेंगे। जिसके तहत चैत्र शुक्ल नवमी 6 अप्रैल से कार्यक्रम की शुरूआत होगी जो चैत्र शुक्ल पूर्णिमा 12 अप्रैल तक कार्यक्रम चलेंगें।


संस्था के संस्थापक रितेश रत्नाकर पांडे एवं विशेष सहयोगी जितेन्द्र सोलंकी ने बताया कि मंदिर में पूरे वर्ष प्रत्येक शनिवार को रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक रूद्रयोग साधना (ध्यान, हनुमान चालिसा पाठ एवं महाआरती) का कार्यक्रम होता है। इसी तरह प्रत्येक सोमवार को श्री पशुपति नाथ मंदिर तारा कॉलोनी में रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक ध्यान एवं महाआरती होती है।

कार्यक्रमों की कड़ी में श्री हनुमान जन्म आनन्दोत्सव के कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें 6 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 9 बजे तक रूद्रयोग साधना, रूद्रअभिशेक व हनुमान चालिसा पाठ व आरती का कार्यक्रम होगा। दोपहर में 2 बजे से 5 बजे तक विभिन्न महिला रामायण मंडलों द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जावेगी। रविवार 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन होगा। शुक्रवार 11 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से 108 जोड़ो की नि:शुल्क श्री सत्यनारायण कथा पंडित अजय रत्नाकर पांडे द्वारा की जायेगी। 12 अप्रैल दिन शनिवार को श्री रूद्रात्मक हनुमान मंदिर में प्रकटोत्सव मनाया जायेगा। जिसमें ब्रम्हमुहुर्त प्रात: 4 बजे से 6 बजे तक श्री हनुमान जी का प्रकटोत्सव मनाया जायेगा। प्रात: 6 बजे जन्म आरती व रूद्राभिशेक होगा, प्रात: 8:30 बजे से हवन पूजन, प्रात: 11 बजे महाआरती, दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक महाप्रसाद भंडारा आयोजन होगा। सायं 7 बजे से 9 बजे तक संगीतमय सुन्दरकांड एवं भजय संध्या का कार्यक्रम रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि रूद्र परिवार द्वारा 31 जुलाई 2023 को नि:शुल्क 13 करोड़ राम नाम जाप का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम में लगभग 80 से 90 हजार लोगों ने भाग लिया था। वहीं अप्रैल 2019 में 2100 जोडें नि:शुल्क सत्यनारायण कथा में शामिल हुये थे। आयोजन समिति ने 6 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाले उक्त आयोजन में जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। 11 अप्रैल को आयोजित 108 जोड़ो की नि:शुल्क श्री सत्यनारायण कथा के लिए इच्छुक श्रद्धालु आयोजन समिति से सम्पर्क कर सकते है।

## एम एल बी एन.एस.एस. शिविर पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य श्रीमती अलका श्रीवास्तव के संरक्षण में 25 से 31 मार्च 2025 तक राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन प्राथमिक शाला चिमन ढाना, ग्राम पंचायत



गुरैयाढाना में किया गया। समापन अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती निशा धुर्वे, पूर्व पार्षद रेशा बघेल, प्रधान पाठक राजकुमार चौधरी, पूर्व प्राचार्य आर.एस. शिवकर, जिला संगठक अधिकारी रविंद्र नाफ्ड़े, पूर्व वायु सैनिक अशोक सिंगोतिया, प्रभाकर ठाकरे, तुलसा प्रसाद, मीना पचौरी, पूर्व सूबेदार मेजर प्रभाकर कराडे, सुनीता चौकसे, भास्कर ठाकरे, पूर्व सैनिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों की उपस्थिति में सात दिवसीय शिविर के प्रतिभागी राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के द्वारा विभिन्न विषयों पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्रोंओ का उत्साह वर्णन करते हुए उन्हें जीवन में हमेशा एक दूसरे का सहयोग प्रदान करने तथा अनुशासन में रहते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने

## अनुराग शुक्ला ने लिया आरटीओ छिन्दवाड़ा का चार्ज, मनोज तेहनगुनिया सागर स्थानांतरित



मनोज कुमार तेहनगुनिया — अनुराग शुक्ला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बैतूल से स्थानांतरित होकर आऐं अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने 31 मार्च 2025 को छिन्दवाड़ा में कार्यभार गृहण कर लिया है। यहां पदस्थ रहे अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुनिया का स्थानांतरण सागर होने के कारण वे अपरान्ह 31 मार्च को कार्यमुक्त हो गए है।

बता दें कि अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के रूप में मनोज कुमार तेहनगुनिया ने अपने कर्तव्यों का निर्वाहन लोकसभा, विधानसभा चुनाव जै महत्वपूर्ण समय में अच्छा निर्वाहन किया है उनका टीम वर्क और कलेक्टर कार्यालय तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सतत संपर्क रखने के कारण परिवहन शाखा के माध्यम से एक अच्छी व्यवस्थाऐं दी और पूरे निर्वाचन में वाहन अधिगृहण संबंधी कोई परेशानी नहीं गई और सफलता पूर्वक निर्वाचन हुआ।

## आलोक पाठक बने छिन्दवाड़ा सीएफ, वी मधुराज आरजीएम, वन विकास निगम भोपाल पहुंचे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन मंत्रालय भोपाल द्वारा वन विभाग के वरिष्ठ आई.एफ.एस. अधिकारियों के तबादलें करते हुए छिन्दवाड़ा जिले में सी.एफ. से लेकर सभी वन मण्डलाधिकारियों को बदल दिया गया है जिससे अब नई व्यवस्था वन विभाग में बनाई जा रही है।

मध्यप्रदेश शासन वन विभाग ने जारी आदेश एफ./ई./ए.पी./01/4/2025 के तहत आदेश जारी करते हुए वन विकास निगम भोपाल में पदस्थ आर.जी.एम. आलोक पाठक को सी.एफ. पदेन सी.सी.एफ. छिन्दवाड़ा पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार छिन्दवाड़ा में पदस्थ सी.सी.एफ. व्ही. मधुराज को आर.जी.एम. वन विकास निगम भोपाल पदस्थ किया गया है। इसी तरह दक्षिण वन मण्डल समाप्त होने पर सभी वन मण्डाधिकारियों को बदलते हुए ए.पी. समाचार के अनुसार साहिल गर्ग डी.एफ.ओ. पश्चिम वन मण्डल को पूर्व वन मण्डल सामान्य छिन्दवाड़ा में पदस्थ किया गया है जबकि एल.के. वासनिक डी.एफ.ओ. को पश्चिम वन मण्डल छिन्दवाड़ा में पदस्थ करते हुए तत्काल उन्हें कार्यमुक्त कर दिया है। उत्पादन वन मण्डल छिन्दवाड़ा में पदस्थ डी.एफ.ओ. अमित निकम को वनमण्डलाधिकारी पांढुर्णा वन मण्डल सामान्य पदस्थ किया गया है। जबकि आई.एफ.एस. सूची की प्रतीक्षा में एस.डी.ओ. तामिया हरिशचंद्र बघेल को वनमण्डलाधिकारी उत्पादन वन मण्डल छिन्दवाड़ा पदस्थ किया गया है।

इसी प्रकार एस.डी.ओ. सिल्लेवानी अनादि बुधौलिया को उप वनमण्डलाधिकारी तामिया पश्चिम वन मण्डल में पदस्थ किया गया है तो वहीं पूर्व वन मण्डल सामान्य छिन्दवाड़ा एस.डी.ओ. भारत सोलंकी को पांढुर्णा उप वन मण्डल में पदस्थ किया गया है। प्रमोद चोपड़े उप वनमण्डल अधिकारी सौसर को छिन्दवाड़ा एस.डी.ओ. पूर्व वन मण्डल सामान्य छिन्दवाड़ा पदस्थ किया गया है तथा उप वनमण्डलाधिकारी भारत सोलंकी आगामी आदेश तक सौसर उप वन मण्डल का भी कार्यभार देखेंगे।

इस तरह मध्यप्रदेश शासन वन विभाग ने मू.दि. के अवसर पर महत्वपूर्ण परिवर्तन के साथ छिन्दवाड़ा जिले में वन विभाग में अमूलचूल परिवर्तन किया गया है। मध्यप्रदेश में मोहन सरकार आने के बाद छिन्दवाड़ा जिले में एक साथ ए.पी. के अवसर पर पहली बार राम लक्ष्मण बल्व की तरह सभी अधिकारियों को बदल दिया गया है जिसमें कई अधिकारी दुखी नजर आ रहे है तो कई अधिकारी मुख्यमंत्री से मिलने का मानस बनाया है।

अब देखना यह है कि मूर्ख दिवस पर हुए वन विभाग के स्थानांतरण में मुख्यमंत्री डेलीगेशन को मिलने का अवसर प्रदान करते है या फिर एकतरफा कार्यमुक्त कर उन्हें तत्काल कार्यभार गृहण करने के निद्रेश दिए जाते है। हालाकि कुछ वन परिक्षेत्राधिकारियों का भी स्थानांतरण हुआ है जिनकी सूची आज देर रात ए पी समाचार के साथ ही जारी होने की संभावना बतायी जा रही है जिसमें वन परिक्षेत्र जुन्नारदेव, परासिया, दमुआ, सांवरी, छिन्दवाड़ा, अम्बाड़ा, पांढुर्णा, अमरवाड़ा, चौरई, पूर्व पश्चिम बटका प्रभावित होने की संभावना बतायी जा रही है। इस तरह सभी अधिकारियों को एक अप्रैल को पूरी तरह मूर्ख दिवस के अवसर पर यह तोहफा दिया गया है। हो सकता है अधिकारी वर्ग इस समाचार को प्रसन्नता पूर्वक पढ़ते हुए बुरा नहीं मानेंगे और कार्यभार गृहण करेंगे ऐसा उत्साह पूर्वक माना जा रहा है।

## आपसी भाईचारे और कौमी एकता के रूप में मनाई, ईद एक दूसरे को दी मुबारकबाद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा में इदुल फितर का पर्व आपसी भाईचारे और कौमी एकता के रूप में मनाया गया। बड़ी ईदगाह में नमाज के दौरान जहां जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम के आला अफसर मौजूद थे तो वहीं राजनैतिक दल के जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी भागीदारी की और गले मिलकर ईद मुबारकबाद दी। संपूर्ण जिले में ईद का पर्व शांति एवं सद्भाव पूर्वक रहा, मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे के घरों में जाकर सिमईयां बांटे और मुबारकबाद दी। इस संबंध में अंजुमन सदर अमसाल खान ने बताया कि ईदुलफित्र का त्यौहार अपनी अकीदत व गरिमामय तरीके सू पूरे जोश व खरोख के साथ बरोज 31 मार्च 2025 बरोज पीर सोमवार को मनाया गया। जिसकी नमाज पूर्व नियोजित तरीके से बड़ी ईदगाह, छोटी ईदगाह, जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद और रिसाला मस्जिद में पढ़ी गई। पूरे एक माह रमजान के रोजे रखने व इबादत में लगे रहने के पश्चात सभी लोगों ने एक साथ मिलकर ईद की नजमाज अदा की और सभी लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की तथा कब्रस्तान जाकर अपने मरहूमीन की कब्रो पर उनके लिए दुआएं की तथा इत्र फुल आदि पेश किये।

सदर अंजुमन छिन्दवाड़ा व कमेटी के मेम्बरान ने अहले छिन्दवाड़ा को ईद की दिली मुबारकबाद पेश की है और जनप्रतिनिधि और शासन प्रशासन व नगर पालिक निगम द्वारा पूरे रमजान के माह और ईदुलफित्र पर किये गये चाक चौबंद इन्तेजमात के लिए जिलाध्यक्ष, पुलिस प्रशासन, नगर निगम तथा तमाम प्रेस मीडिया जिन्होंने पूरे महिने भर रमजान का कवरेज दिया। इन तमाम हजरात का अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी तहे दिल से शुक्रिया अदा करती है और ईद की दिली मुबारकबाद पेश करती है।

आगे बताया गया कि कल यानी 31 मार्च को ईद का त्योहार मनाया गया। रमजान के मुबारक महीने के खत्म होने के बाद ईद का त्योहार खुशियां लेकर आता है। ईद सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि यह इंसानियत, भाईचारे और प्रेम का जश्न है।

यह दिन हर दिल में नई उमंग और हर घर में खुशियों की सौगात लाने का प्रतीक है। ईद के चांद के दीदार से लेकर सुबह की नमाज तक, हर लम्हा एक नई रोशनी बिखेरता है। इस खास मौके पर मीठी सेवइयों की मिठास रिश्तों में घुल जाती है, गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलने का बहाना मिल जाता है, और दुआओं में सबकी भलाई मांगी जाती है।

इस दिन का असली उद्देश्य सिर्फ खुशी मनाना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद करना और अपने आसपास प्यार और भाईचारे का माहौल बनाना भी है।

इस अवसर पर ए.एस.पी. आई.पी.एस. आयुष गुप्ता, ज्वाइंट कलेक्टर ज्योति ठाकुर, तहसीलदार एस.एन. त्रिपाठी, एस.डी.ओ.पी. श्री राणा, श्री बंजारी, आयुक्त नपानि सी.पी. राय, सहायक यंत्री बृजेश पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी, नगर निरीक्षक उमेश गोल्हानी, जनप्रतिनिधि गंगाप्रसाद तिवारी, विश्वनाथ ओक्टे, आनंद बक्षी, पप्पू यादव, तरूण कराड़े, टिंकू राय, नितिन उपाध्याय आदि।

## गुढ़ी अम्बाड़ा में भी एक दूसरे के गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

**गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु।** ईद का चांद नजर आते ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी एवं समुदाय के लोग ईद की तैयारी में जुट गए एवं सोमवार कि सुबह 9:00 बजे हिलटॉप गुढ़ी स्थित ईदगाह में ईद उल फित्तर की नमाज अदा की गई।

ईद उल फित्तर की नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम जामा मस्जिद गुढ़ी अम्बाड़ा के अलावा सभी उपस्थित आवाम के द्वारा अपने क्षेत्र मे आपसी भाईचारा कायम रहने सहित देश में अमन व चैन की दुआ मांगी गई साथ ही साथ देश में आपसी सौहार्द व भाईचारा बना रहे इसी को लेकर दुआएं की गई इसके बाद सभी ने आपस मे एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

इस दौरान गुढ़ी अम्बाड़ा सहित अन्य क्षेत्रों के मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। एवं जुन्नारदेव थाना प्रभारी राकेश बघेल के मार्गदर्शन में अम्बाड़ा चौकी प्रभारी मिथुन ओसारी सहित पुलिस स्टाफ भी ईदगाह में मौजूद रहे एवं उन्होंने भी हाजिर हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर अंजुमन कमेटी गुढ़ी अंबाड़ा सियाल के ओहदेदार और समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## दमुआ, जुन्नारदेव, ईकलेहरा में मनाई ईद





# मप्र कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने राकेश सोनी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्षों एवं कार्यकारिणी के चुनाव कराएँ गए। निर्वाचित कार्यकारिणी ने निर्वाचन उपरांत कहा है कि शिक्षको के हितों की रक्षा के लिए वे कृतसंकल्पित है और आने वाले दिनों में शीघ्र ही शिक्षको की समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एस.एस. मरकाम से मुलाकात कर समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास करेंगे।

मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री हेमंत चांद ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले एवं पांढुर्णा जिले के कर्मचारी कांग्रेस के चुनाव संपन्न हो गए चुनाव अधिकारी पी.के.लाम्बा एवं टी.के. ठाकरे ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले से राकेश सोनी जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए एवं पांढुर्णा जिले से कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद नूर खान निर्वाचित हुए छिंदवाड़ा जिला उपाध्यक्ष संतोष बड़ोनिया, जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौरसिया, तहसील मोहखेड़ के अध्यक्ष अब्दुल्ला खान, तहसील परासिया के तहसील अध्यक्ष सुशील डेहरिया, तहसील बिछुआ के अध्यक्ष- जीवन सिंह रघुवंशी, तहसील हर्रई के अध्यक्ष- विश्वनाथ पांडे, तहसील तामिया के अध्यक्ष- रमेश शाह मर्सकोले, तहसील जुन्नारदेव के अध्यक्ष- सैमुअल राजेंद्र सिंह निर्वाचित घोषित किए गए।

प्रांतीय उपाध्यक्ष भूशंकर डेहरिया ने बताया कि तहसील चौरई निर्वाचन अपरिहार कारण से स्थगित किए गए प्रांतीय सचिव दुबे लाल ने बताया कि कार्यकारिणी का गठन 10 दिवस में कर सूची शासन को सौंप दी जावेगी। निर्वाचन के दौरान वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश पाटिल एवं एकनाथ टेंबुलकर उपस्थित रहे।

प्रदेश महामंत्री हेमंत चांद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भूशंकर डेहरिया ने बताया कि नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राकेश सोनी एवं उनके पदाधिकारियों के साथ मिलकर जिले में कार्यरत शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जल्द ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास छिंदवाड़ा से मिलकर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराएंगे।

# कल्याण ज्वेलर्स के शुभारंभ पर ही नपानि ने पांच हजार का काटा चालान




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल्याण ज्वेलर्स छिंदवाड़ा के द्वारा ओपनिंग वाले दिन ही सड़क एवं सार्वजनिक प्लाट पर डाला गया कचरा नगर पालिक निगम ने काटा 5000 रुपए का चालान। दुकान का सारा थर्माकोल एवं कचरा सड़क किनारे एवं बाजू के खाली प्लॉट पर डालकर गंदगी करने पर कल्याण ज्वेलर्स के ऊपर 5000 का अर्थ दंड शुभारंभ पर ही आरोपित किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के चलते नगर निगम द्वारा समस्त शहर वासियों से शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने एवं शहर के लिए ज्यादा से ज्यादा फीडबैक देने के लिए अपील की जा रही है वहीं ऐसे व्यापारियों पर अर्थ दंड भी आरोपित किया जा रहा है जो नियमों को तांक में रखकर जानते हुए भी कचरा फैलाने का काम कर रहे है। नगर पालिक निगम के प्रवक्ता ने बताया कि कल्याण ज्वेलर्स पर कचरा फैलाने के आरोप पर चालानी कार्यवाही स्वच्छता निरीक्षक अरुण कुमार गढ़ेवाल द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान जोनल अनिल लोट वार्ड सुपरवाइजर योगेश लोट एवं सोनल चौहान उपस्थित रहे।

बता दें कि नपानि आयुक्त ने कहा है कि शहर में यदि कचरा फैलाया गया, नियमों का उल्लंघन किया गया तो सभी पर कार्यवाही चालान के रूप में होगी चाहे वह कोई भी व्यक्ति, संस्था या व्यापारी हो।

## सार समाचार

### जिले की सभी शालाओं में मनाया जायेगा आज प्रवेश उत्सव, चार अप्रैल तक होंगे आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्कूल चलें हम अभियान 2025 के अंतर्गत 01 से 04 अप्रैल 2025 तक जिले की सभी शालाओं में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसके अंतर्गत दिवसवार आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा के अनुसार 01 अप्रैल 2025 को प्रवेशोत्सव एवं एफ.एल.एन. मेला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें शाला के पूर्व विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के लिये उन्हें सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जायेगा। शाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को शिक्षकों के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया जायेगा। अतिथियों के द्वारा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जायेगा। ग्राम बसाहट की शाला से बाहर चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा 1 से 8 तक की सभी शालाओं में 01 अप्रैल 2025 को एफएलएन मेला एवं बालसभा का आयोजन किया जायेगा एवं सभी शालाओं में विशेष भोज का आयोजन किया जायेगा।

### जल संरक्षण के लिए नहरों के सफाई अभियान की शुरूआत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पेंच व्यपवर्तन नहर संभाग सिंगना चौरई द्वारा ग्राम कुरचाढाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चौधरी सुजीत सिंह एवं पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे शामिल हुए। मुख्य अतिथियों व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कार्यपालन यंत्री प्रभाकर टेकाम, पेंच व्यपवर्तन परियोजना नहर संभाग सिंगना चौरई, अनुविभागीय अधिकारी, उपयंत्री, कर्मचारी एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में हरदुआ वितरक नहर के टेल माइनर में नहर के बैंकों एवं स्ट्रक्चर्स में उगी घास, झाड़ी, छोटे पेड़-पौधों आदि की साफ सफाई कार्य का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक श्री चौधरी एवं पूर्व विधायक श्री दुबे ने कहा कि सिंचाई एवं अन्य उपयोग के लिये जल आपूर्ति के लिए शासकीय परियोजनाओं का संपूर्ण लाभ लेने के लिए जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के साथ ही जल संरचनाओं (नहरों) तालाबों, की सुरक्षा भी हम सबकी जिम्मेदारी है। शासकीय विभागों के साथ समाज को भी आगे आकर जल स्त्रोतों की साफसफाई, अतिक्रमणमुक्त रखना होगा। इसी मंशा के साथ प्रदेश सरकार ने जल गंगा संवर्धन महाअभियान प्रारंभ किया है । अभियान की अवधि 30 मार्च से 30 जून होगी।



### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्र. एक में कक्षा दूसरी, तीसरी एवं चौथी में होगा विद्यार्थियों का प्रवेश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा के प्राचार्य हरिप्रसाद धारकर ने जानकारी दी कि केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा की दोनों पालियों की कक्षा दूसरी में कुल 19, तीसरी में 5 एवं चौथी में 6 संभावित रिक्तियां हैं। जिन पर प्रवेश के लिए 2 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक विद्यालय से बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र दिखलाकर पंजीकरण प्रपत्र प्राप्त कर किए जा सकते हैं। पूर्णत: भरे हुए पंजीकरण प्रपत्रों को सभी दस्तावेजों के साथ 11 अप्रैल 2025 तक विद्यालय में जमा किया जाना चाहिए । इन कक्षाओं के अतिरिक्त विद्यालय में किसी भी अन्य कक्ष में कोई रिक्ति नहीं है। अत: उनके लिए पंजीकरण प्रपत्र प्रदान नहीं किया जा सकते हैं। इन कक्षाओं के लिए 17 अप्रैल 2025 को अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में दोपहर 2:00 बजे लॉटरी की जाएगी।

# नि:स्वार्थ भाव से सेवा करते है स्वयं सेवक : कुलगुरू इंद्रप्रसाद त्रिपाठी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर जामुनझिरी में संपन्न हुआ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रोफेसर महेंद्र साहू, डॉ. निधि डोडानी एवं डॉ. मंसाराम उईके के नेतृत्व में चलने वाले इस शिविर का भव्य समापन हुआ जिसमें विशिष्ट अतिथिगण राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु इंद्र प्रसाद त्रिपाठी, उपभोक्ता फोरम के जस्टिस एस.सी. उपाध्याय, जन भागीदारी अध्यक्ष भारत घई, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त विनोद तिवारी एवं जनभागीदारी सदस्य अरुण गदरे, श्री सूर्यवंशी, तरुण सोनी एवं उपभोक्ता फोरम सदस्य मोहन सोनी व पार्षद राहुल बंटी उईके विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रोफेसर महेंद्र साहू ने प्रतिवेदन के माध्यम से स्वयंसेवकों के 7 दिनों की गतिविधियों एवं परियोजना कार्य की जानकारी दी। जिसमें बताया की जामुनझिरी को पॉलिथीन मुक्त बनाने और नशा मुक्ति पर विशेष रूप से कार्य किया गया। प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा ने प्रेरक नारों से स्वयंसेवकों में उत्साह भरा।



# दो दिवसीय होगा 2624 वां तीर्थंकर महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल जैन समाज अहिंसा के प्रणेताए वर्तमान शासन 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2624 वां मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव चैत्र वदी नवमी 10 अप्रैल के शुभ दिन विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा।

श्री वीर प्रभु के मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव को लेकर छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित संत निवास में सकल जैन समाज के विविध घटकों सहित युवा संगठनों एवं पाठशाला की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में जिनशासन सेवक सम्मिलित हुए और सभी ने 9 एवं 10 अप्रैल को विविध अनुष्ठानों के साथ उत्साह एवं उमंग पूर्वक 2624 वां जन्मकल्याणक महोत्सव मनाने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर सर्व सम्मति से विशाल जैन को 2624 वें जन्म कल्याणक महोत्सव का संयोजक एवं राजेंद्र पाटोदी को अध्यक्ष बनाया गया जिसकी सभी ने अनुमोदना की ओर महोत्सव को मनाने की तैयारी प्रारंभ कर दी। बैठक का सफल संचालन पंकज पाटनी ने किया जिसमें एल.सी. जैन, अशोक वैद्य, सुभाष जैन, बसंत कांकरिया, राकेश शाह, आलोक जैन, सी.ए. अशोक बाकलीवाल, जितेंद्र वैद्य, प्रमोद पाटनी, अभय जैन, रत्नेश जैन, दीपक राज जैन, अनिल बज, चंदू जैन, नरेंद्र जैन सहित अन्य जिनशासन सेवकों ने अपने विचार रख महोत्सव को ऐतिहासिक रूप से मनाने का संकल्प लिया।

### मुनिश्री का मिलेगा मंगल सानिध्य होंगे विविध आयोजन

2624 वें जन्मकल्याणक महोत्सव पर 6 अप्रैल को अहिंसा दौड़ मैराथन, 8 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर, 9 अप्रैल को जिनधर्म प्रभावना वाहन रैली सहित विविध पाठशाला द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10 अप्रैल को जन्मकल्याणक का भव्य चल समारोह, सकल जैन समाज का साधर्मी वात्सल्य भोज, पालना झूलन, आम सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण कर आभार प्रदर्शन किया जावेगा। मंगल महोत्सव के समस्त अनुष्ठान कुंडलपुर नगरी अहिंसा स्थली गोल गंज में संपन्न होंगे, जिसमें सकल जैन समाज के सभी घटकों, युवा संगठनों सहित धर्मप्रेमी बंधुओं से सम्मिलित होने की अपील महोत्सव समिति द्वारा की गई। मंगल महोत्सव हेतु आगामी 30 मार्च की रात्रि 9:00 बजे संत निवास में पुन: बैठक रखी गई है।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

बैठक में सकल दिगंबर जैन महासभा, श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज, दिगंबर जैन परवार पंचायत, खंडेलवाल पंचायत, गोलापूरब पंचायत, गोलालारे समाज, श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, श्वेतांबर जैन समाज, कच्छी बीसा ओसवाल संघ, महाराष्ट्रीयन जैन समाज, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, तारण तरण नवयुवक मंडल, मुनिसेवा संघ, पुष्पदंत औषधालय, श्री उदारसागर पाठशाला, श्री वीतराग विज्ञान पाठशाला, बाहुबली जीव रक्षा संस्थान सहित बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ने सात शासकीय शालाओं को प्रदान किए वाटर प्यूरीफायर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सेवा भावी कार्यों में अग्रणी रहने वाली संस्था रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ट्रस्ट द्वारा सोमवार गत 31 मार्च को छिंदवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले 7 शासकीय स्कूलों के बच्चो को साफ जल सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से वाटर प्यूरीफायर का वितरण किया।

उन स्कूलों के संस्था प्रमुखों को रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप सिंह चंदेल, सचिव अर्पित नेमा, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, मनोज अग्रवाल, विनोद तिवारी, अरविंद अग्रवाल, नीलेश गुप्ता, नीलेश लाठ, रूपल अग्रवाल, शिक्षा विभाग से बी.आर.सी. अजय केकतपूरे, गजेंद्र ठाकुर ने अपने हस्ते सभी उपस्थित 7 शासकीय स्कूलों के प्रमुखों को प्रदान किए।

जिन विद्यालयो में वाटर प्यूरीफायर प्रदान किए गए उनमें शासकीय प्राथमिक शाला शिक्षक कॉलोनी के लिए प्रमुख श्वेता शर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला सुरगी से शिक्षक मोहनलाल, शासकीय प्राथमिक शाला इमलिया वोहता हेतु कल्पना ठाकुर, शासकीय माध्यमिक शाला खापाभाट से प्रमुख कल्पना मिश्रा, शासकीय माध्यमिक शाला सर्रा हेतु प्रमुख हेमलता दोडके, शासकीय प्राथमिक शाला इंद्रा आवास राजाखोह से प्रमुख नंदनी काकोडीया, शासकीय प्राथमिक शाला गोली टोला से प्रमुख रमेत चंद्रवंशी ने स्कूलों के लिए प्यूरीफायर प्राप्त किए।

इस अवसर पर रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप चंदेल ने कहा की हमारा ट्रस्ट हमेशा स्वस्थ, शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक रूप से जरूरत मंद लोगो की मदद के लिए हमेशा अग्रणी रहता है इसी के अंतर्गत हमारे शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को शुद्ध पीने का पानी मिले इस हेतु हम लोगो ने यह पहल की है। आगे भी हम शिक्षा स्वास्थ के क्षेत्र में जहां कही आवश्यकता होगी हर संभव मदद करेगे।

रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा की आप सभी शिक्षक साथी अच्छी शिक्षा देने का कार्य करे ।उन बच्चो की जरूरत की जीचो का इंतजाम हम लोग करेगे। बच्चे पढ़े और आगे बढ़े। बीआरसी अजय केकतपुरे ने कहा की रोटरी क्लब हमेशा हमारे शासकीय विद्यालयों में बच्चो के शिक्षण कार्य में परमार्थ के कार्य करते रहा है। मैं रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ट्रस्ट को शिक्षा विभाग एवम सभी विद्यालयों की और से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। एवम आपके नेक कार्य की प्रशंसा करता हूं।

इस अवसर पर रोटेरियन विनोद तिवारी ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में रोटरी क्लब द्वारा पूर्व में भी आवश्यकता वाले विद्यालय में फर्नीचर, पुस्तक, कॉपीया, पंखे, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास हेतु स्मार्ट टीवी प्रदान कर चुका है आगे भी बच्चो के हित में सेवा भावी कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा विभाग से गजेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली रैली

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य विशाल वाहन रेली का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय हिन्दू सेना जिला अध्यक्ष यमन साहू एवं छात्र परिषद जिला अध्यक्ष विजय गौली, जिला महामंत्री गोलू पटेल, जिला कोषाध्यक आनंद पटेल, नगर अध्यक्ष ऋषि लाला, अभय गौली की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ जिसमें रैली का शुभारंभ साईं धाम कालोनी से जो कि चौरई नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: साई धाम कालोनी में संपन्न हुआ।

रैली में सम्मिलित हुए सभी हिंदू भाइयों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय हिन्दू सेना जिला सहमंत्री मोनू यादव, ब्लॉक प्रभारी दीपक निर्मलकर, ब्लॉक अध्यक्ष लालू यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष जीतू यादव, ब्लॉक संयोजक अजय नायक, ब्लॉक महामंत्री अभय दुबे, प्रदूम गुर्दे, गौ रक्षक प्रमुख प्रसून तिवारी, मिडिया प्रभारी लक्की साहू, ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर नाथ, अभिनाश गौली, मिंटू जैन, अतुल गौली, विक्की वर्मा, हर्ष इंगोले, नगर अध्यक्ष दीपक मालवीय, अर्पित राय, कन्हैया बन्देवार, सन्तोष यादव, मंगल सिंगार, महेश सिंगार, सुजल विश्वकर्मा, जतिन विश्वकर्मा, सूर्यांश दुबे, योगेश दुबे, अनुराग चौरसिया, विकास शर्मा, शुभम नामदेव, रजनीश जवारे, गज्जू नागवंशी, निलेश सानोडिया, उमेश पटेल, उमेश नामदेव, मुकेश, संदीप नामदेव, गोपी माहेश्वरी, अनमोल साहू, मनु यादव, मिंटू जैन, कमल भलावी, राजा गोहिया, सत्यम विश्वकर्मा, सचिन यादव, केशव चौरसिया, संदीप नामदेव, आत्माराम वर्मा, विक्की वर्मा, रही साहू, विवेक राजपूत, कमलेश पटेल, ऋषभ राजपूत, दीपक यादव, भानु यादव आदि

